Regarding production of coal from Parbatpur Coal Block in Bokaro district, Jharkhand.-laid

श्री दुलू महतो **(धनबाद) :** मैं माननीय कोयला मंत्री जी का ध्यान बोकारो जिले के पर्वतपुर कोल ब्लॉक की स्थिति की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । यह ब्लॉक क्षेत्रीय रोजगार और औद्योगिक विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण होते हुए भी आवश्यक राजकीय स्वीकृति के अभाव में निष्क्रिय है । पूर्व में यहाँ कार्यरत 500 से अधिक श्रमिक वर्तमान में बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं । उत्पादन शुरू होने से इन श्रमिकों को पुनः आजीविका मिलेगी और नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे । अत: अनुरोध है कि झारखंड सरकार के साथ समन्वय कर आवश्यक प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा कराया जाए, जिससे कोल उत्पादन आरंभ हो सके और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को गति मिल सके । आपकी पहल से न केवल स्थानीय जनता को राहत मिलेगी, बल्कि राष्ट्रीय ऊर्जा संसाधनों का भी प्रभावी दोहन संभव हो सकेगा । कृपया इस दिशा में शीघ्र आवश्यक निर्देश प्रदान करें ।